# सीएसए में योग सत्र से विद्यार्थियों को दिया नशामुक्त जीवन का संदेश





संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शनिवार को 'नशा मुक्त परिसर' अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें करीब 130 विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 के स्वयंसेवकों सहित, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. संजीव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

उन्होंने कहा कि नियमित योग तनाव कम करने, मानसिक संतुलन बनाए रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. मुकेश श्रीवास्तव और डॉ. उमा नाथ शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ. सोमेंद्र वर्मा, डॉ. प्रांजल सिंह और डॉ. भानु प्रताप भी मौजूद रहे। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, नियमित योग और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

**'नशा मुक्त परिसर' अभियान के तहत 130 विद्यार्थियों ने किया योग और प्राणायाम**





# सीएसए में नशामुक्त परिसर अभियान के तहत योग सत्र, 130 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा





चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) कानपुर में 'नशामुक्त परिसर' अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना, तनाव कम करने तथा नशे जैसी हानिकारक प्रवृत्तियों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। योग सत्र का संचालन सहायक कुलसचिव डॉ. संजीव सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योगाभ्यास और प्राणायाम कराए। उन्होंने कहा कि नियमित योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ तनाव कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा नशे से पूरी तरह दूर रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुकेश श्रीवास्तव तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमा नाथ शुक्ला ने किया। योग सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 के स्वयंसेवकों सहित करीब 130 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने विभिन्न योगाभ्यास और प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हासिल की। इस दौरान उन्हें नियमित योग, सकारात्मक सोच और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सोमेंद्र वर्मा, डॉ. प्रांजल सिंह और डॉ. भानु प्रताप सहित शिक्षण सहयोगी मौजूद रहे। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों तक नशामुक्त परिसर का संदेश पहुंचाया गया। विश्वविद्यालय की ओर से इसे स्वस्थ, तनावमुक्त और नशामुक्त युवा पीढ़ी के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

कानपुर महानगर
वर्ष : 10 पृष्ठ : 8
अंक : 171
मूल्य : 02.00/-
कानपुर 24-08-2026, सोमवार

हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र हित
सच जन जन तक

# सीएसए में "नशा मुक्त परिसर" के तहत योग सत्र आयोजित



**स्वतंत्र हित संवाददाता**

**कानपुर।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में "नशा मुक्त परिसर" अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए योग सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को योग, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। सत्र का संचालन सहायक कुलसचिव डॉ. संजीव सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने विभिन्न योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराते हुए नियमित योग को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा तनाव कम करने में उपयोगी बताया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं डॉ. उमा नाथ शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस इकाई-7 ने किया। सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों सहित लगभग 130 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. सोमेंद्र वर्मा, डॉ. प्रांजल सिंह एवं डॉ. भानु प्रताप भी उपस्थित रहे।

# सीएसए की एक रसोई में पकेगा भोजन, घटेगा छात्रों का मेस खर्च

## नव प्रवेशित 800 से अधिक स्नातक विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

जागरण संवाददाता, कानपुर : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में नए सत्र से स्नातक विद्यार्थियों की मेस व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्नातक व परास्नातक विषयों में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को इस नई व्यवस्था का लाभ मिलेगा। नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए एक ही सेंट्रल मेस की रसोई में भोजन तैयार होगा। इसके बाद तैयार भोजन को छात्रावास में स्थित मेस परोसा जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत सेंट्रल मेस में तैयार भोजन छात्रों को नरेंद्र देव छात्रावास में परोसा जाएगा। वहीं, छात्राओं के लिए दोनों महिला छात्रावासों में भोजन पहुंचाया जाएगा। इससे अलग-अलग स्थानों पर भोजन तैयार करने की व्यवस्था कम होगी और एक ही स्थान से भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता की निगरानी भी की जा सकेगी।

- पुराने छात्रों के लिए अब भी पुरानी व्यवस्था के तहत उनके छात्रावास में ही बनेगा खाना
- छात्रों को नरेंद्र देव व छात्राओं को दो महिला छात्रावासों में परोसा जाएगा भोजन



चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय • सीएसए

### ज्यादा मात्रा में खाना बनने से कम हो जाएगी लागत

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने बताया कि एक ही रसोई में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का भोजन तैयार होने से ईंधन, कच्चे माल और अन्य संचालन खर्च में कमी आएगी। इसका लाभ विद्यार्थियों को कम भोजन शुल्क के रूप में देने की तैयारी है। नई दर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी विद्यार्थियों से तीनों समय के भोजन के लिए प्रतिदिन 125 रुपये लिए जाते हैं, जबकि नई व्यवस्था में एक साथ भोजन तैयार होने से प्रति छात्र भोजन की लागत लगभग 100 रुपये ही आएगी। इससे 800 से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहली बार सभी नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को एक साथ मेस फीस काउंसिलिंग के समय ही जमा कराई जा रही है।



डा. संजीव गुप्ता, कुलपति • सीएसए

**पुराने छात्रों की व्यवस्था में बदलाव नहीं** : मौजूदा समय में सीएसए में 22 छात्रावासों का संचालन होता है, जिसमें 16 छात्रावास छात्रों के है जबकि छह छात्रावास छात्राओं के हैं। विश्वविद्यालय में पहले से अध्ययनरत विद्यार्थियों की मेस व्यवस्था फिलहाल यथावत रहेगी। उन्हें वर्तमान व्यवस्था के अनुसार ही भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। सेंट्रल मेस की नई व्यवस्था केवल नए सत्र में प्रवेश लेने वाले स्नातक विद्यार्थियों पर लागू होगी।

दैनिक जागरण 24/08/2026

# नशामुक्त परिसर के लिए विद्यार्थियों ने किया योग



नशामुक्त परिसर अभियान के तहत योगाभ्यास करते विद्यार्थी● सीएसए

जागरण संवाददाता, कानपुर : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) में नशामुक्त परिसर अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए योग सत्र हुआ। 130 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को योग और प्राणायाम के विभिन्न अभ्यास कराकर तनाव से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को कहा गया। संचालन सहायक कुलसचिव डा. संजीव सिंह ने किया।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 18 अंक : 57 कानपुर, सोमवार 24 अगस्त 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

# राष्ट्रीय स्वरूप

# विद्यार्थियों से स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा नशें से पूर्णतः दूर रहने का आह्वान

कानपुर ।सीएसए में नशा मुक्त परिसर अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करते हुए तनाव कम करने तथा नशे जैसी हानिकारक



प्रवृत्तियों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।योग सत्र का संचालन डॉ.संजीव सिंह सहायक कुलसचिव के मार्गदर्शन के अंतर्गत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के विभिन्न अभ्यास कराए तथा दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा नशे से पूर्णतः दूर रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ.मुकेश श्रीवास्तव,अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा *डॉ उमा नाथ शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई-7 द्वारा किया गया। योग सत्र में लगभग 130 विद्यार्थियों जिनमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 के स्वयंसेवक भी शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने विभिन्न योगाभ्यास एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता प्राप्त की।इस अवसर पर डॉ. सोमेंद्र वर्मा, डॉ. प्रांजल सिंह एवं डॉ. भानु प्रताप शिक्षण सहयोगी, भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नियमित योग, सकारात्मक सोच एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन ने नशा मुक्त परिसर के संदेश को प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों तक पहुँचाते हुए स्वस्थ, तनावमुक्त एवं नशामुक्त युवा पीढ़ी के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल प्रस्तुत की।